भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1211
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)

देश में बेरोजगार व्यक्ति

1211. श्री संजय यादव:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार सहित देश के सभी राज्यों के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कितने बेरोजगार व्यक्ति पंजीकृत/नामांकित है;

(ख) बिहार सहित देश में विगत पांच वर्षों में ऐसे कितने बेरोजगार व्यक्ति पंजीकृत/नामांकित है जिन्हें रोजगार/नौकरी प्रदान की गई है; और

(ग) क्या केन्द्र सरकार के पास बिहार सहित देश भर के कुशल/अकुशल बेरोजगार व्यक्तियों और संगठित/असंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों के आंकड़े उपलब्ध हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (ग): रोजगार चाहने वाले (जो नियोजित/बेरोजगार हो सकते हैं) रोजगार कार्यालयों में पंजीकरण करा सकते हैं। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के रोजगार कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत और नियोजित रोजगार चाहने वालों (रोज़गार/बेरोजगार) का डेटा रिपोर्ट **https://dge.gov.in/dge/dge-publications-** पर देखा जा सकता है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 के दौरान बिहार राज्य सहित देश में अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर), जिसमें कुशल/अकुशल और कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) शामिल है, के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर जो 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों संगठित/असंगठित क्षेत्र सहित रोजगार को दर्शाते हैं, निम्नानानुसार हैः

(% में)

वर्ष	यूआर	डब्ल्यूपीआर
2017-18	6.0	46.8
2018-19	5.8	47.3
2019-20	4.8	50.9
2020-21	4.2	52.6
2021-22	4.1	52.9
2022-23	3.2	56.0

स्रोत: पीएलएफएस

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में यूआर में गिरावट की प्रवृत्ति है, जबकि पिछले कुछ वर्षों में रोजगार में वृद्धि की प्रवृत्ति है।

*****